प्रादेशिक समाचार

दिनांक–16.05.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जन सरोकार के विषयों पर संवेदनशील हैं। सोशल मीडिया पर मामला संज्ञान में आने के बाद मुख्यमंत्री ने पलामू के उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत को हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के एकौनी गांव के तीन अनाथ बच्चों को शिक्षा और सरकारी योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिये हैं। बताया जा रहा है कि ये तीनों बच्चे माता–पिता के गुजरने के बाद परेशानियों से घिरे हैं।

****

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मधुबन स्थित मरांग बुरु दिसम मांझीथान का द्वार बंद होने पर राज्य सरकार को घेरा है। उन्होंने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में आरोप लगाया कि इस स्थल की चाभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के पास रखी गयी है, जो संथाल समाज की आस्था, परंपरा और धार्मिक अधिकारों पर प्रशासनिक हस्तक्षेप का प्रतीक है। श्री मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांझीथान के लिए अविलंब एक नायके को नियुक्त करने की मांग की है।

****

प्रदेश भाजपा भ्रष्टाचार और राज्य सरकार की कथित वादाखिलाफी के खिलाफ मुखर है। पार्टी ने आज से बीस मई तक सभी प्रखंडों में धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि राज्य सरकार किसानों के मुद्दों को लेकर उदासीन है और अन्नदाताओं की राज्य में घोर उपेक्षा हो रही है। राज्य सरकार विकास समेत जन कल्याण के मोर्चे पर विफल साबित हुई है।

****

प्रदेश कांग्रेस भी आंदोलन की राह पर है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि राज्य के लोग मंहगाई से त्रस्त हैं। इस विषय को लेकर पार्टी ने सड़क पर उतरने का निर्णय लिया है। इस राज्यव्यापी प्रदर्शन के तहत कई जिलों में आज प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर नेता और कार्यकर्ता आंदोलन के जुट रहे हैं। आज रांची के बिरसा चौक पर भी पार्टी का प्रदर्शन होगा।

****

झारखंड उच्च न्यायालय में अठारह मई से आठ जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। इस संबंध में नोटिस जारी किया गया है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान हाईकोर्ट की तीन बेंच अत्यंत जरूरी मामलों की सुनवाई करेगी।

****

राज्य में जनगणना के पहले चरण के तहत आज से डोर–टू–डोर मकान गणना और सूचीकरण का कार्य शुरू हो गया है। इसके लिए प्रगणकों की टीमें राज्यभर में घर–घर जाकर मकानों का विवरण दर्ज कर रही हैं। प्रशासन ने आम जनता से सही जानकारी देकर इस राष्ट्रीय कार्य में सहयोग की अपील की है।

****

सीबीएसई ने बारहवीं के नतीजों के बाद उत्तर पुस्तिकाओं की समीक्षा के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। परिणाम से असंतुष्ट छात्र उन्नीस से बाईस मई तक मूल्यांकन शीट की स्कैन कॉपी के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद अंकों के पुनर्मूल्यांकन और विसंगतियों के सत्यापन के लिए छब्बीस से उनतीस मई तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

****

राज्य भर में आज वट सावित्री का पावन पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। अखंड सौभाग्य और पति की लंबी उम्र की कामना के लिए महिलाएं आज निर्जला व्रत रखकर बरगद के वृक्ष की पूजा–अर्चना कर रही हैं। रांची समेत विभिन्न जिलों के पूजा पंडालों और वृक्षों के पास सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है।

****

देश भर में आज राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य इस बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने नागरिकों से स्वच्छता और सतर्कता अपनाकर डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि घर के आसपास जल जमाव को रोकना और समय पर इलाज कराना इस बीमारी से बचाव के लिए बेहद जरूरी है।

****

राज्य के कई इलाकों में इक्कीस मई तक जहां बारिश के आसार हैं, वहीं कुछ इलाकों में बाइस मई तक आंधी और वज्रपात की आशंका है। मौसम विज्ञान केन्द्र के पूर्वानुमान के मुताबिक राज्य में फिलहाल तापमान में वृद्धि और कमी का दौर जारी है। आने वाले पांच दिनों के दौरान तापमान में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद कम है।

****